## सार समाचार

### बस की चपेट में आने से मासूम की मौत, माँ घायल

**उज्जैन।** परिवार में शादी समारोह में शामिल होने आए एक परिवार के दो सदस्य बस की चपेट में आ गए। दुर्घटना में मां घायल हो गई वही पुत्र की मौत हो गई। मां-बेटे उसी बस में सवार होकर बारात से लौटे थे। पुलिस ने बताया कि महाकाल थाना अंतर्गत बैगम बाग पक्की कॉलोनी में रहने वाले आरिफ की शादी में शामिल होने के लिए राजस्थान बांरा के ग्राम छिपा बडौद निवासी गुलाम रसुल पत्नी आसमां और 12 वर्षीय बेटे आरिश के साथ आया था। शनिवार रात करीब 9 बजे शाजापुर से इमरान ट्रेवल्स की बस से बारात वापस लौटी थी। उज्जैन आकर बस बैगम बाग ब्रिज के नीचे खड़ी हुई थी। इसी दौरान बस से उतरकर आसमां और 12 वर्षीय बेटा आरिश शादी वाले घर की ओर जा रहे थे। तभी बस चालक ने बस आगे बढ़ा दी। बस की चपेट में आने से मां आसमां घायल हो गई। वहीं आरिश की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद तत्काल महाकाल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने बताया कि रात में ही मृतक बालक का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया था। परिवार रात में ही अपने गांव के लिए रवाना हो गया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### भगवान महाकाल की कार्तिक मास की दूसरी सवारी आज निकलेगी

**उज्जैन।** भगवान श्री महाकालेश्वर की कार्तिक मास की दूसरी सवारी आज सोमवार निकलेगी। सवारी निकलने के पूर्व भगवान महाकाल की सभामडंप में भगवान के मुघौटे चंद्रमोलेश्वर का पूजन किया जाएगा। पूजन पश्चात सवारी सायं 4 बजे महाकाल मंदिर से निकलेगी। सवारी गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाडी होकर रामघाट स्थित शिप्रा नदी पहुंचेगी, रामघाट पर भगवान का पूजन अभिषेक के बाद रामघाट से गणगौर दरवाजा,मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, ढाबा रोड़, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार होकर शाम को करीब साढ़े छह बजे संध्या आरती के पहले वापस मंदिर पहुंचेगी।

### मैरिज गार्डन एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**गंजबासौदा।** नगर के बासौदा मैरिज गार्डन एसोसिएशन की एक बैठक संस्कार गार्डन में संगठन के संरक्षक नागरिक बैंक के पूर्व अध्यक्ष कैलाश सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें प्रमुख रूप से संगठन के अध्यक्ष हनीप फजलानी सचिव इस्तकार अहमद, विजय भावसार, विनीत दांगी, शकीलभाई , शैलेंद्र सक्सेना, रंजीत तोमर, तपन गौसर, तथा अन्य लोग उपस्थित हुए ।

# हर पात्र व्यक्ति को मिले शासकीय योजनाओं का लाभ और सुलभ न्याय:जिला न्यायाधीश देवड़ा

ग्राम पनवाड़ी में वृहद विधिक जागरूकता शिविर संपन्न, शिविर में 100 से अधिक हितग्राहियों को किया लाभान्वित

शाजापुर।



**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली नालसा एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर सालसा के निर्देशानुसार शाजापुर जिले में 31 अक्टूंबर से 13 नवंबर तक विधिक जागरूकता के माध्यम से नागरिकों का सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है।**

प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश मोहम्मद अजहर के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के सचिव जिला न्यायाधीश राजेन्द्र देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पनवाड़ी में रविवार को विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान प्राधिकरण सचिव देवड़ा ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति को शासकीय योजनाओं का लाभ मिले और हर व्यक्ति को न्याय मिले इसी उद्देश्य के साथ शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा लोगों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं बनाई जाती हैं, लेकिन कई बार जानकारी के अभाव में पात्र व्यक्ति लाभ नही ले पाते।

अंतिम पंक्ति के ऐसे लोगों तक जानकारी पहुंचाना और उन्हें लाभ दिलाने और कोई व्यक्ति अपने कानूनी हक से वंचित न रहे इसके लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर देवड़ा ने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही नालसा एवं सालसा की कई योजनाओं की जानकारी दी। वहीं न्यायाधीश डॉ स्वाति चौहान जागृति ने कहा कि महिलाओं को उनके साथ होने वाली घरेलू हिंसा एवं भेदभाव के विरूद्ध आवाज उठानी चाहिए। जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी ने कहा कि विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से लोगों को कानूनी जानकारी देने तथा अनेक विभागों की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। उन्होने कार्यक्रम में आए सभी नागरिकों से कहा कि विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में जाकर योजनाओं की पूरी जानकारी लें।

**विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर हितग्राहियों को दिए प्रमाण पत्र:** ग्राम पनवाड़ी में आयोजित वृहद विधिक साक्षरता शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग, चाईल्ड लाईन, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, जनपद पंचायत, पुलिस विभाग, जनसाहस संस्था, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अपनी विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देने हेतु स्टॉल लगाए और पैम्प्लेट वितरित किए। स्टॉलों का जिला न्यायाधीश देवड़ा सहित अन्य अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के 100 से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर के अंत में महिला बाल विकास विभाग की ओर से 6 बालिकाओं का तिलक लगाकर स्वागत कर लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत प्रमाण पत्र भेंट किए गए। शिविर का संचालन पैनल अधिवक्ता यूनुस खान ने किया।

# मध्यप्रदेश के विकास में हम सब सहभागी बनें: विधायक



**सीहोर।** मध्यप्रदेश के 67 वें स्थापना उत्सव दिवस पर जिलेभर में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन एवं वन विभाग तथा आईएसए मध्य सेवा एसोसिएशन द्वारा शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में जागरूकता सेमिनार व्याख्यान तथा जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली आवासीय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुन- आवासीय में समाप्त की गई। रैली में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा नारे के माध्यम से जन समुदाय तक जल, पर्यावरण, वन्य प्राणी संरक्षण पर सन्देश पहुचाया। रैली के पश्चात छात्रों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गोपाल इंजीनियर ने कहा कि हमें वृक्षों की रक्षा करना चाहिए। वृक्ष हमे ऑक्सीजन देने के साथ ही वातावरण को शुद्ध बनाए रखने में अपनी महती भूमिका निभाते है। हम सभी लोगों की यह जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति की सुरक्षा करें तथा मध्यप्रदेश के विकास में हम सब सहभागी बने। कार्यक्रम में वन संपदा एवं वन्य प्राणी संरक्षण विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में डीएफओ डॉ. अनुपम सहाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के एमसी अहिरवार, संसाधन विभाग के अधीक्षण यंत्री भीम सिंह मोहनिया, रिटायर्ड प्रधान मुख्य वन संरक्षक रमेश श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# दीपक के लगातार तीन गोल की बदौलत सीहोर क्लब ने आष्टा को 4-1 के अंतर से हराया



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर नगर पालिका के तत्वाधान में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में खेली जा रही जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में शनिवार को दो मैचों का आयोजन किया गया था। जिसमें शहर के प्रतिभाशाली फुटबाल प्लेयर दीपक अहिरवार के लगातार तीन गोल की बदौलत एक तरफा मुकाबले में सीहोर क्लब ने आष्टा को 4-1 के विशाल अंतर से हराया। आष्टा टीम की ओर से एक मात्र गोल फहीम ने किया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला रेहटी और सीहोर वाइस के मध्य खेला गया था। जिसमें रेहटी ने सीहोर वाइस की दिग्गज टीम को 4-2 से हराया। इस मैच में शुभम पटेल और सौरभ ने दो-दो गोल किए थे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के कोच मनोज कन्नोजिया ने बताया कि आगामी सात नवंबर को प्रतियोगिता का फाइनल खेला जाएगा। फाइनल को लेकर इन दिनों जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में शामिल टीमों में जबरदस्त संघर्ष देखने को मिल रहा है। अब कठिन परिश्रम के बाद टीमें अपने मुकाबले जीत रही है।

शनिवार को खेले गए मुकाबले में पहला मैच सीहोर वाइस और रेहटी के मध्य खेला गया था। जिसमें रेहटी ने सीहोर वाइस की शानदार टीम को 4-2 से हराया। यह मुकाबला दोनों ही टीम में कांटे का था, लेकिन रेहटी की ओर से शुभम पटेल और सोरभ ने दो-दो गोल किए थे। इन गोल की मदद से रेहटी ने सीहोर वाइस को हराया। सीहोर वाइस की ओर से अनमोल और हितेश ने एक-एक गोल किया। इधर एक अन्य मुकाबला सीहोर क्लब और आष्टा के मध्य खेला गया था। इस मुकाबले में दीपक अहिरवार ने लगातार तीन गोल किए और राकेश के एक गोल की मदद से सीहोर क्लब की टीम ने यह मैच आसानी से जीत लिया। इधर आष्टा की ओर से फहीम ने एक मात्र गोल किया। मैच के दौरान एसोसिएशन की ओर से अतिथि के रूप में मौजूद मोहन चौरसिया, जितेन्द्र तिवारी, मधुर विजयवर्गीय, डॉ. महेश शर्मा, राकेश शर्मा, मनोज दीक्षित मामा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# तहसील केमिस्ट एसोसिएशन ने दीपावली मिलन समारोह मनाया

मंदसौर।



मल्हारगढ़ तहसील केमिस्ट एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त जानकारी तहसील केमिस्ट एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य मोहनसेन कछावा द्वारा देते हुए बताया गया है कि 6 नवंबर रविवार को मंगलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण, ग्राम- शिवगढ़ (पहेड़ा) पर जिला औषधि निरीक्षक श्री जयप्रकाश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें जिला केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव श्री अरुण भदादा, सहसचीव श्री अभय चोरड़िया, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व विभाग संघचालक एवं मालवा प्रांत आरोग्य भारती प्रमुख डॉ श्री विष्णुसेन कछावा, आरोग्य भारती प्रांत शारीरिक एवं योग प्रमुख, प्राकृतिक चिकित्सा श्री मनोहरलाल सोनी (शाजापुर) एवं तहसील केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री प्रकाश बंसल मंचासीन थे।

कार्यक्रम की कड़ी में सर्वप्रथम उपस्थित अतिथिगण द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। उपस्थित अतिथिगण का तहसील केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में स्वागत भाषण एसोसिएशन के प्रखर प्रवक्ता योगेश कछावा द्वारा दिया गया।

समारोह के दौरान उद्बोधन में जिला औषधि निरीक्षक श्री जयप्रकाश कुमार ने सभी केमिस्ट बंधुओं को व्यापार-व्यवसाय में ड्रग अधिनियम के नियमों का पालन करने के निर्देश देते हुए नए केमिस्टों को ड्रग अधिनियम की जानकारी दी। श्री कुमार ने कहा है कि दवाई गोली विक्रय करने का अधिकार केवल लाइसेंसी विक्रेता को है फिर भी क्षेत्र में कई किराना व्यापारी द्वारा दवाई गोलियां एवं दूध डेयरीयो द्वारा पशु दवाइयों का विक्रय धड़ल्ले से किया जा रहा है।

# भव्य शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया



**गंजबासौदा।** गुरु नानक देव जी के 553 प्रकाश पर्व के उपलक्ष में सिख धर्म अनुयायियों तथा नगर के सभी धर्म प्रेमियों द्वारा नगर के मुख्य मार्गों पर शोभा यात्रा निकाली गई यह यात्रा नगर के वार्ड नंबर 16 गुरुद्वारे से प्रारंभ हुई जो सदर बाजार गांधी चौक, सिरोंज चौराहा ,जवाहर रोड होते हुए मुख्य मार्ग से जय स्तंभ चौक और वापस गुरुद्वारे पहुंची जगह जगह नागरिकों ने स्वागत द्वार बनाए तथा पुष्पों की वर्षा कर स्वागत किया आरती उतारी गुरुद्वारा में धार्मिक आयोजन रखे गए यहां बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु पहुंचे और धर्म लाभ लिया शोभायात्रा में नगर के जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों व्यापारी गण बड़ी तादाद में सम्मिलित हुए

# दूधिया रोशनी से जगमगाया शहर का मरीह माता मंदिर

**सीहोर।** शहर के विश्रामघाट मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर आगामी दिनों में अब हाईमास्क की रोशनी से सराबोर नजर आएगा। इसके अलावा यहां पर नगर पालिका के द्वारा हाई मास्क और टीन शेड और सीसी रोड निर्माण आदि किया जाएगा। इसको लेकर नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने यहां पर उपस्थित मंदिर के व्यस्थापक रोहित मेवाड़ा सहित अन्य श्रद्धालुओं के अनुरोध पर निर्णय लिया है और स्थानीय पार्षद एवं नगर पालिका के उपाध्यक्ष विपिन शास्ता से चर्चा कर मंदिर परिसर में होने वाले निर्माण कार्य की रूपरेखा तैयार करने की बात कही है।

रविवार को चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर परिसर में सुबह पूर्ण विधि विधान से माता देवी की आरती पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात सुबह ग्यारह बजे यहां पर कथा का आयोजन के पश्चात कन्या भोजन के बाद दोपहर में अन्नकूट की प्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, विठलेश सेवा समिति की ओर से समीर शुक्ला, जितेन्द्र तिवारी, अनिल राय, मधुर विजयवर्गीय, मनोज दीक्षित मामा, विष्णु सम्राट प्रजापति, सुनील चौकसे, सुभाष कुशवाहा, रितेश अग्रवाल, राकेश शर्मा आदि शामिल थे। वहीं सोमवार को मरीह माता मंदिर में सुबह श्रद्धालुओं के द्वारा ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में दीप प्रज्जवलित किए जाऐंगे। ज्योतिषाचार्य पंडित श्री शर्मा के मुताबिक चंद्र ग्रहण और इसके सूतक के प्रभाव को देखते हुए देव दिवाली का पर्व एक दिन पहले सात नवंबर को मनाने का निर्णय लिया गया है। कार्तिक पूर्णिमा 8 नवंबर को है और इसी दिन चंद्र ग्रहण भी लग रहा है। सूतक का आरंभ इस दिन सूर्योदय से ही हो जाने की वजह से इस बात को लेकर चर्चा है कि सूतक काल में स्नान और दान पुण्य कैसे किया जाएगा। पंचाग के अनुसार चंद्र ग्रहण शाम को 5ः10 बजे से 6ः11 बजे तक रहेगा और सुबह करीब 8ः10 बजे से सूतक लग जाएगा। इससे पूर्व मंदिर के कपाट को बंद कर दिया जाएगा।

# वर्ष का अंतिम चंद्रग्रहण कल, हायर सेकेंड्री स्कूल में होंगे टेलिस्कोप से दिखाने के इंतजाम

शाजापुर।

**वर्ष का अंतिम चंद्र ग्रहण कल 8 नवंबर को होने जा रहा है, यह ग्रहण पूरे भारत में दिखाई देगा। जिला शिक्षा अधिकारी विवेक दुबे के मार्गदर्शन में खगोल एवं तारामंडल प्रभारी अशोक शर्मा द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल ज्योति नगर में टेलिस्कोप से चंद्र ग्रहण का नजारा दिखाने की व्यवस्था की गई है।**

इस अद्भुत नजारे को देखने के लिए प्राचार्य रेणुका परमार द्वारा सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से मौजूद रहने को कहा गया है। तारामंडल प्रभारी शर्मा ने बताया कि पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करते हुए सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है, तब चंद्रमा पर पृथ्वी की छाया आ जाती है इसे चंद्रग्रहण कहते हैं। चंद्रमा सूर्य एवं पृथ्वी एक सीध में होते हैं तब पूर्ण चंद्र ग्रहण एवं पृथ्वी की छाया चंद्रमा के कुछ भाग पर पड़ती है तब आंशिक चंद्रग्रहण होता है।

**हमेशा पूर्णिमा को होता है चंद्रग्रहण**

8 नवंबर को होने वाला चंद्र ग्रहण पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा। ग्रहण का समय 2.40 से प्रारंभ होकर शाम 6.20 तक लगभग 4 घंटे 40 मिनट का रहेगा। शाजापुर में चंद्रोदय 5.40 पर होने के कारण 40 मिनट तक चंद्रग्रहण देखा जा सकेगा। चंद्रग्रहण कोरी आंखों से भी देख सकते हैं। साथ ही टेलीस्कोप या अन्य साधनों से भी देखा जा सकता है। सावधानी केवल यही रखना है कि लगातार ज्यादा देर तक ग्रहण नही देखें।

# महाकाल का अनूठा हरि-हर मिलन का आयोजन

उज्जैन।

रविवार को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी है, इसे बैकुंठ चतुर्दशी के नाम से जाना जाता हैं। रविवार को जहां श्रद्धालुजन सिद्धवट और रामघाट पर पावन शिप्रा का स्नान कर अपने पितृों के प्रति शांति एवं पिंडदान व तर्पण करते हैं, वहीं दूसरी ओर आज अद्भुत और अनूठा संयोग का मिलन हुआ रात्रि 11 बजे जब हर-हरि से मिलने के लिए आए और भगवान महाकाल अपने पूरे लाव-लश्कर के साथ भक्तों को अपने आलौकिक वैभव के दर्शन दिए। सवारी के आगे धुड़सवार पुलिस, आर्म्स पुलिस, भजन मंडली, और श्रद्धालु सवारी के साथ रहते हैं।



रविवार को बैकुंठ चतुर्दशी पर हर यानि भगवान महाकाल एवं हरि यानि भगवान विष्णु से मिलने जाते है। भगवान महाकाल रात्रि 11 बजे मंदिर से प्रस्थान कर रात्रि 12 बजे गोपाल मंदिर स्थित भगवान द्वारकाधीश मंदिर पहुंचे, जहां महाकाल व द्वारकाधीशजी का अद्भुत और अनूठा मिलन हुआ। यह परम्परा प्राचीन समय से चली आ रही है। जब देवप्रबोधनी एकादशी पर हरि (विष्णु) चातुर्मास से जागते है तब हर (शिव) उन्हें पृथ्वी का भार सौंपने उनके महल में जाते है ताकि वे कैलाश पर्वत जा सके। जब हर लाव-लश्कर के साथ हरि से मिलने पहुंचते है तो उन्हें ससम्मान गर्भगृह में ले जाया जाता हैं, यहां हर व हरि आमने-सामने बैठते हैं।

भगवान महाकाल (हर) और श्री विष्णु (हरि) की पूजा विविध ढ़ग से किये जाने के बाद उनका पवमान सुक्त से अभिषेक किया जाता है और महाकाल को तुलसी माला पहनाई जाती हैं। महाकाल का अभिषेक पूजन गोपाल मंदिर के पुजारी द्वारा किया जाता हैं। इसी प्रकार महाकाल की ओर से हरि का पूजन महाकाल मंदिर के पुजारी के द्वारा किया जाता हैं। पूजन विधि के दौरान आकड़े के फूल की माला भगवान कृष्ण को पहनाई जाती हैं और पूजन-अर्चन और मिलन के पश्चात हर वापस महाकाल मंदिर की ओर लौट आएं। इस तरह अद्भुत और अनूठा हरि-हर मिलन पर जमकर आतिशबाजी और धूमधड़ाका भक्तों द्वारा किया गया। इस अनोखे दृश्य के साक्षी बनें हजारों भक्तजन बने। गोपाल मंदिर पर भगवान द्वारकाधीश (कृष्ण) की मूर्ति के सामने महाकालेश्वर की प्रतिमा रखीं जाती हैं और करीब दो घंटे पूजा अर्चना चलती हैं जो रात्रि दो बजे तक पूजा हुई पश्चात महाकाल की सवारी महाकालेश्वर मंदिर पहुंची। महाकाल के पुजारी चंद्रमोहन गुरू, प्रदीप गुरू ने बताया कि जब देव सो जाते है तब पृथ्वी का भार भगवान शिव को मिलता है और चार माह तक भगवान शिव के द्वारा ही श्रृष्टि का संचालन किया जाता हैं।

# अनदेखा हो रहा जल प्रदाय फिल्टर प्लांट का

गंजबासौदा।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि यादव ने बताया कि नागरिकों की निरंतर पेयजल के संबंध में शिकायत आ रही थी मैंने स्वयं सीएमओ के साथ नौलखी वाटर वर्क्स फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि इसमें जिम्मेदार अधिकारी की देखरेख में सफाई कराई जाए जिससे नगर वासियों को शुद्ध पेयजल मिल सके जहां तक जल प्रदाय के फिल्टर प्लांट के रखरखाव में लापरवाही अनियमितता और अपव्यय आदि जांच के मुद्दे हैं यह कार्य पूरा हो जाने के बाद कार्यवाही के लिए निर्देश दिए जाएंगे।

नगर में दूषित जल सप्लाई के संबंध में समय-समय पर समाचार पत्रों में भी खबरें लिखी हैं गंदा पानी सप्लाई हो रहा हैबेतवा नदी स्थित फिल्टर प्लांट से जल प्रदाय महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का काम है लेकिन अधिकारियों ने डेली वेजेस के कर्मचारियों पर यह उत्तरदाई सौंप रखा था नतीजा बरसो फिल्टर प्लांट की सफाई नहीं हुई कीचड़ युक्त पानी लोगों के उदर में जाता रहा यह क्रम लंबे अरसे चलता रहा



चिंता का विषय यह है कि कागजों में वाटर फिल्टर प्लांट की सफाई टंकियों की सफाई फिटकरी का उपयोग ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग सब बराबर दर्शाया जाता रहा नगर के जिम्मेदार नागरिकों का कहना है कि जल प्रदाय फिल्टर प्लांट की सफाई पिछले 7 वर्षों से नहीं हुई थी।

इसके चलते इसके अंदर अनेक ट्रॉली सिल्ट मिट्टी भरी हुई थी यही पानी नागरिक पी रहे थे दुर्भाग्य की बात यह है लाखों की लागत से बने जल प्रदाय फिल्टर प्लांट की जांच पड़ताल हेतु अधिकारी तक नहीं है दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की देखरेख में यह प्लांट चालू है प्रदूषित मटमैला पानी पीने से लोगों को तरह-तरह की बीमारियां उत्पन्न हो रही थी अधिकांश लोगों को पेट खराब होने की शिकायतें मिल रही थीं वरिष्ठ पार्षद सौदान सिंह यादव का कहना है कि विगत वर्षों जल प्रदाय मेंटीनेंस में भारी घोटाला हुआ है और इसकी जांच के लिए परिषद की आगामी बैठक में यह विषय रखा जाएगा । इस संबंध में नगर पालिका में सांसद प्रतिनिधि भाजपा नेता देवेंद्र यादव का कहना है की जल उपभोक्ताओं द्वारा निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि पानी में दुर्गंध आती है मटमैला है इस विषय को गंभीरता से लेकर फिल्टर प्लांट की सफाई कराई और व्यवस्था ठीक बनी रहे।

उपभोक्ताओं को दिक्कत ना आए इस मान से फिलहाल के लिए एक टाइम जल प्रदाय किया जा रहा है और कुछ ही दिनों में ही यह व्यवस्था वेहतर होकर चलती रहेगी शुद्ध पेयजल नागरिकों को प्राप्त होगा उन्होंने फिल्टर प्लांट की अव्यवस्था पर दुख प्रकट किया और खास तौर पर जिम्मेदार अधिकारियों पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि अधिकारियो नेइस ओर ध्यान नहीं दिया अब मैं स्वयं अपनी देखरेख में यह कार्य करा रहा हूं इस दौरान शहर के वरिष्ठ पत्रकार गण और जिम्मेदार नागरिकों ने भी मुआयना किया है। सफाई का कार्य कराते हुए 2 दिन हो चुके हैं करीब 12 श्रमिक और अन्य संसाधन लगे हुए हैं